हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार 25 मार्च 2024

11 पश्चिमी विक्षोभ के कारण बूंदाबांदी होने से तापमान में आई गिरावट



12 हनुमान मंदिर में मनाया होली पर्व















## होली व फाग के दृष्टिगत पुलिस ने किए कड़े प्रबंध

# होली पर हुड़दंग की तो खैर नहीं, पुलिस की रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला पुलिस प्रशासन ने होली व हरियाणा में प्रमुख रूप से मनाए जाने वाले फाग के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विशेष पुलिस टीमें बनाई गई है वहीं महिला पुलिस की तैनाती की बात भी कही गई है। विभिन्न क्षेत्रों से पुलिस प्रशासन को मिली सूचनाओं के आधार पर ऐसी व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि किसी को व्यवस्था नहीं बिगाड़ने दी जाएगी। होली व फाग के दिन व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने होली पर हुड़दंग करने वालों को चेताया है कि उन पर कड़ी नजर रहेगी और सख्त कार्रवाई होगी। हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश हर थाना व चौकी प्रभारी को दिए गए हैं। हुडदंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी व सतर्कता के साथ प्रभावी गश्त के निर्देश दिए गए है। होली के शुभ अवसर पर किसी प्रकार का हुड़दंग या शांति व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए शरारती तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस गश्त बढ़ाई, महिला पुलिस की भी तैनाती की

### थाना व चौकी प्रभारी करेंगे चिन्हित

सभी थाना और चौकी प्रभारियों को त्योहार के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने बारे निर्देशित करते हुए कहा गया है कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### होली पर हुड़दंगबाजी रोकने के लिए पुलिस हुई सख्त

*होली पर शांति बनाए रखने के अपने दावे को अमलीजामा पहनाते हुए पुलिस ने सख्ती शुरू भी कर दी है। इसके तहत पुलिस ने पिछले 12 घंटे में 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि जिला पुलिस होली के त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों से सख्ती से निपट रही है। सभी थाना क्षेत्रों में स्पेशल नाकाबंदी कर संदिग्धों की चैकिंग की जा रही है।*

### शराब पीने वालों पर होगी कार्रवाई, नागरिकों को दी शुभकामनाएं

*पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अगर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान, गाड़ी में या रास्ते में शराब पीता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि अपने बच्चों को समझाएं कि वे घर से बाहर निकलकर किसी तरह की हुड़दंगबाजी न करें और न ही शराब पीकर निकले। ऐसे लोगों को पुलिस बख्शेगी नहीं और मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

### महिला पुलिस की रहेगी तैनाती

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा का कहना है कि होली के अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस पुलिस की तैनाती की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। सभी चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। सभी पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो, वहां तुरंत मौके पर पहुंच स्थिति से निपटे।

### साइलेंसर से पटाखे बजाए तो नपेंगे

मोटरसाइकिल के साइलेंसर से पटाखों जैसी आवाज निकलने वाले, बिना हेलमेट और ट्रैफिक के नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एल्को सेंसर की सहायता से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### 14 वाहन जब्त, 340 के काटे चालान

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला पुलिस ने पिछले 12 घंटे में ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की है। इसके तहत ड्रंक एंड ड्राइव समेत कुल 340 वाहन चालकों के चालान और 14 वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त किया गया है।

# आत्मा के उत्सव का मिलन सुप्रभात ध्यान और होली के रंग : आचार्य सुभाष

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ओशो सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में ओशोधारा मैत्री संघ की ओर से कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में ओशोधारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान करवाया। आज होली का उत्सव है और ओशोधारा इस देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर को हमेशा आगे बढ़ाने को तत्पर रहता है।

आचार्य ने देशवासियों को होली की बधाई देते हुए बताया कि उत्सव मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है और उत्सव से बहुत से विकारों से निजात मिलती है। इसके बाद उन्होंने सुप्रभात ध्यान के बारें में बताया कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के संगठन को स्थिरता और शांति की दिशा में ले जाता है। यह एक तात्कालिक साधना है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए महत्वपूर्ण है।



हिसार। होली उत्सव मनाते हुए साधक। फोटो : हरिभूमि

सुप्रभात ध्यान का अर्थ है 'सुप्रभात' या 'सुबह' में ध्यान लगाना। यह ध्यान प्रक्रिया अधिकतम स्थिरता और ध्यान की शक्ति को उत्पन्न करने के लिए शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक तत्वों को समाहित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर होता है।

सुप्रभात ध्यान करने के लिए व्यक्ति शांत और शुद्ध वातावरण में बैठकर ध्यान के लिए समय निकालता है। ध्यानासन में सुखासन, पद्मासन या वज्रासन का उपयोग किया जा सकता है। ध्यानास्थिति में व्यक्ति अपने विचारों को शांत करता है और अपने श्वास का ध्यान रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत करता है और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता, संतुलन और आनंद को अनुभव कर सके।

ध्यान के बाद आचार्य सुभाष ने ओशोधारा के कार्यक्रमों के बारे में टीम सद्गुरु हिसार के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया की ओशोधारा हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है।



हिसार। छात्र योगेश व छात्रा सौम्या। फोटो : हरिभूमि

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता प्रथम पुरस्कार

**हिसार।** डीएवी कॉलेज (लाहौर), अंबाला शहर के भूगोल विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑफलाइन पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक कॉलेज से केवल दो प्रतिभागी भेजे गए। इसमें छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया व दोनों प्रतियोगिताओं में बाजी मारी। बीएड द्वितीय वर्ष का छात्र योगेश पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में तृतीय स्थान पर रहा व बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा सौम्या पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही। आयोजक कॉलेज के द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने विद्यार्थियों की जीत पर स्टाफ के सभी सदस्यों व विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रेरित किया कि भविष्य में भी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में इसी प्रकार मेहनत करके सफलता हासिल करते रहें। छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि इस कॉलेज के विद्यार्थी निरंतर प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर रहे हैं।


आदमपुर। कार्यक्रम में स्वामी सच्चिदानंद को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक व संतजन। फोटो : हरिभूमि

## ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्र प्रकाश जी तपस्वी संत थे : स्वामी सच्चिदानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

बिश्नोई समाज के युवा विद्वान स्वामी सच्चिदानंद ने कहा है कि ब्रह्मलीन स्वामी चन्द्रप्रकाश जी एक महान अवतारी महापुरूष थे। उन्हें मध्यप्रदेश व उतर प्रदेश में लोग जंभेश्वर भगवान के साथ पूजते हैं।

स्वामी सच्चिदानंद नजदीकी गांव भोडिया बिश्नोइयान में ब्रह्मलीन महात्मा चन्द्रप्रकाश जी की जन्मस्थली (कुटिया) पर रामकुमार भादू द्वारा जम्भवाणी हरिकथा में अपना आशीर्वाद देने पहुंचे थे। स्वामी सच्चिदानंद ने कहा कि ऐसे महात्मा की जन्मस्थली कुटिया पर आने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने रामकुमार को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूज्य बापू श्री कृष्णानंद गिरी जी महाराज ने युवाओ को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री महेश नाथ जी, श्री नरोत्तम गिरी जी महाराज (योगाचार्य), प्रवीण बिश्नोई अबोहर, पार्षद बीरसिह राहड़, पार्षद महेंद्र सहू, बिश्नोई सभा मंडी आदमपुर के प्रधान राजाराम खिचड़, नशा मुक्ति टीम के सदस्य हवासिह मांझू, सुभाष सरपंच भाणा, संजय भादू, प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम की पूरी टीम, मनोहर गोदारा, कृष्ण धतरवाल, हंसराज गोदारा फतेहाबाद आदि ने कार्यक्रम मे शिरकत की। इस अवसर पर सरपंच अरविंद जांगू, पूर्व सरपंच कृष्ण पूनिया, रामेश्वर पुनिया नम्बरदार, अमीलाल पूनिया, रामेश्वर गोदारा, छज्जूराम पूनिया, डा.पंछीराम, बेगराज पूनिया, आत्माराम टाडा, रिछपाल पूनिया, दलीप पूनिया, जगदीश पूनिया, राजेन्द्र पूनिया, विनोद पूनिया, संदीप पूनिया, सुशील पूनिया (यादराम), विनोद डेलू व सतीश पूनिया आदि उपस्थित रहे।

# कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर को हरा जीता इनामी दंगल

- तलवंडी राणा में जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति के इनामी दंगल में नामी पहलवानों का रहा जमावड़ा
- हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ ने बोले दंगल के पहलवानों को भी देंगे सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति तलवंडी राणा की ओर से आयोजित विशाल इनामी कुश्ती दंगल में कैथल के पीटी पहलवान ने पंजाब के चमकौर पर पछाड़ते हुए 11 हजार रुपये का इनामी मुकाबला जीत लिया। हालांकि शेष मुकाबलों में हिसार व फतेहाबाद के पहलवानों का दबदबा रहा। इस विशाल कुश्ती दंगल में जींद, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी एवं कैथल से लेकर प्रदेश भर से 500 से अधिक पहलवान हिस्सा लिया।

गांव तलवंडी राणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस इनामी दंगल में हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नरेश सेलपाड़ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंजीकृत अखाड़ों व जिला एसोसिएशन के कुश्ती खेल मुकाबलों के पहलवानों को चोट से बचाने व उन्हें तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए समय-समय पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दंगल के पहलवानों से मैट, ऐज व वेट की कुश्ती से भी जुड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कुश्ती एसोसिएशन प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत खिलाड़ी का खेल के दौरान बीमा, कुश्ती नसरी सुविधाओं से लेकर तमाम प्रकार की सेवाएं देगी, जिससे कि हमारे खिलाड़ी ओलम्पिक में पदक जीत कर हरियाणा प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके।



हिसार। इनामी दंगल में दमखम दिखाते पहलवान व उन्हें सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान समाजसेवी साधुराम जाखड़, पूर्व चेयरमैन सतपाल शर्मा, सरपंच दयाल सिंह मोलिया, सरदार कर्मजीत सिंह भुल्लर, अलीशेर पहलवान, राजेंद्र पहलवान, रामप्रसाद गराठी, सुभाष चावड़ा, जगदीश बोकण, मनीराम हाकला, पप्पू हाकला, सुरेश मोलिया, अनूप बिश्नोई, जगदीश, दलबीर सहित खेल, शिक्षा एवं समाजसेवा से जुड़ी नामी हस्तियां मौजूद रही।

### ये मुकाबले, इन्होंने जीते मैच

जय हनुमान अखाड़ा सेवा समिति समिति के संचालक क्रीड़ाश्री मास्टर जयवीर ने बताया कि 5100 के इनामी मुकाबले में सिद्धांत डाबड़ा ने अपनी एकेडमी के ही साहिल को हराया। इसी प्रकार 2100-2100 के दो ईनामी मुकाबले में भारत जुगलान ने सचिन भूना को हराया तो रवि तलवंडी राणा ने जींद के उमेद कुमार को धोबी पछाड़ लगाकर ऐसा चित किया कि दर्शकों का रोमांच चरम पर पहुंच गया। इसी प्रकार 1100-1100 के तीन मुकाबले हुए। जिसमें 1100 के पहले ईनामी मुकाबले में तलवंडी राणा के ही राहुल ने कापड़ो के आशीष को हराया। इसी वर्ग में अभय भूना ने हांसी के पहलवान कुन्दन को हराया। इसी ईनामी राशि के तीसरे मुकाबले में हिसार के चन्दन सिंह ने कुलदीप नहला को हराया। इसी प्रकार महिपाल व अजय तलवंडी राणा ने अपने-अपने वर्ग में कुश्ती जीतने के साथ-साथ दर्शकों का दिल जीत लिया।

## राजकीय महाविद्यालय उकलाना में एनएसएस कैंप का समापन

**उकलाना मंडी।** राजकीय महाविद्यालय उकलाना में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के समापन मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजू ने शिरकत की। डॉ. अंजू ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। डॉ. सुरीना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। डॉ. अंजू ने कहा कि एनएसएस के कैंप से स्वयंसेवकों में देश व समाज के प्रति कुछ नया करने की भावना बढ़ती है। कैंप में उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति जागृत किया जाता है और कई तरह के अभियान चलाकर कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान करती है और उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



उकलाना मंडी। कैंप के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि व विद्यार्थी।


हिसार। भट्ट ब्राह्मण सभा के नवनियुक्त पदाधिकारी व अन्य सदस्य।

## भट्ट ब्राह्मण सभा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**हिसार।** ऋषि नगर में भट्ट ब्राह्मण सभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभा के सभी पदाधिकारी सदस्यों व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने फूलों की होली मनाई। इस अवसर पर भट्ट ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें राजेश भारद्वाज को पुनः प्रधान, दर्शन लाल शर्मा को महासचिव, महेंद्र शर्मा को संरक्षक व राकेश कौशिक को कोषाध्यक्ष चुना गया। दर्शन शर्मा व विजेंद्र शर्मा ने आर्य भट्ट की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महेंद्र शर्मा संरक्षक, वेद कौशिक थानेदार, राममेहर शास्त्री, विनोद शर्मा, धर्मपाल शर्मा, योगेंद्र शर्मा, राकेश कौशिक, राजेश शर्मा, सुनील एमसी, धर्मेंद्र भट्ट, सुरेश भट्ट, अशोक शर्मा एवं सत्य नारायण शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक कार्यकर्ता माता ने रिबन काट किया जनता को समर्पित

# उमरा में नवनिर्मित शहीद भगत सिंह पार्क का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

खेल गांव उमरा में शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस के उपलक्ष पर गांव में स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में शहीद भगत सिंह की मूर्ति का अनावरण व पार्क का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता नरेश यादव की माता लक्ष्मी देवी ने रिबन कर उद्घाटन किया।

इस दौरान नरेश यादव ने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क ढाणा खुर्द गांव के पार्क से भी सुंदर बनाया गया है और आज इस पार्क का उनकी माता लक्ष्मी देवी द्वारा उद्घाटन कर गांव को समर्पित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उमरा गांव में बनाया गया पार्क हमारी हांसी को कांशी बनाने की मुहिम में शामिल है और हमारा काम है स्वास्थ्य स्वच्छता और संस्कार के हिसाब से गांव के लोगों का स्वास्थ्य ठीक करने में यह पार्क अच्छी भूमिका निभाएगा और इस पार्क का नाम शहीद भगत सिंह के नाम से रखने से आने वाली पीढ़ियों को संस्कार प्रदान करने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि पार्क के निर्माण में उमरा गांव के लोगों व ग्राम पंचायत का भी पूर्ण सहयोग मिला।


हांसी। शहीद भगत सिंह पार्क के लोकार्पण के नरेश यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करती उमरा गांव के सरपंच विनोद मलिक व गांव के गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

गांव के सरपंच विनोद मलिक ने भी पार्क के चारों ओर की सड़के बनाने तथा गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां बनाने और गांव की साफ सफाई करवाने में पूर्ण सहयोग किया। नरेश यादव ने बताया कि हांसी में हिसार चुंगी के नजदीक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाल पत्थर से स्कूल का मेन गेट तथा स्कूल के अंदर भी बहुत ही सुंदर पार्क बनाया जा रहा है और इसी के साथ में उमरा रोड पर बन रहे शहीद निशांत मलिक द्वार का भी निर्माण चल रहा है और यह गेट भी जल्द ही पूरा होने की कगार पर है और हम इस गेट का उद्घाटन आने वाली सभी शहीद निशांत मलिक की पुण्यतिथि 11 अगस्त 2024 को करेंगे। उन्होंने बताया कि टीम नरेश द्वारा आने वाले ले दिनों में हांसी हलके की महिलाओं को व बुजुर्गों को गंगा स्नान की यात्रा करवाने की यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। गांव में पार्क बनाए जाने पर गांव के लोगों ने नरेश यादव की आभार व्यक्त करते हुए पगड़ी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान गांव उमरा के सरपंच विनोद मलिक, मास्टर बलराज सिंह मलिक, अजीत मलिक, मास्टर भरत सिंह मलिक, पूर्व सरपंच कृष्ण मलिक, सुरेंद्र शर्मा, कृष्ण फौजी, मास्टर रामनिवास मलिक, सोनू पपनेजा, अजय कुकरेजा, बंटी नागपाल, राजेंद्र सरपंच, विनोद यादव, जितेंद्र जमावड़ी, विजय ढुल, राजेश जीतपुरा व राजेश कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**हांसी।** पुलिस की वाहन चोरी निरोधक टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान मसुदपुर गांव निवासी सन्नी के रुप में हुई है।

## मनरेगा मजदूरों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नारनौंद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन बास में अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच डॉ. बीआर आंबेडकर जागृत समिति की ओर से शहादत दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का शहीदी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारत के वीर सपूतों ने हंसते-हंसते अंग्रेज सरकार के खिलाफ लड़ते हुए फांसी के फंदे को गले लगाया। आज समाज को उन शहीदों की शहादत को याद करते हुए सोचना होगा क्या हम आज भारत के शहीदों के सपनों का भारत बना पाए हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार सुलचानी ने कहा कि आज हमारा देश शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, महंगाई तथा लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने में बहुत पिछड़ता नजर आ रहा है। सत्ता पर काबिज लोग भ्रष्टाचार, बेरोजगारी को रोकने में नाकाम साबित हुए हैं जातिवाद व धार्मिक भावना भड़काकर लोगों को लड़ाया जा रहा है। सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अंग्रेजों से लड़ते हुए फूट डालो राज करो के खिलाफ जो आवाज बुलंद करी और देश के नौजवानों को छात्रों को इकट्ठा करते हुए जो संघर्ष किया। अंग्रेजों को यहां से भागने पर मजबूर होना पड़ा। हमें निश्चित तौर पर शहीदों के जो नारे थे समाजवाद जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद, पूंजीवाद हो बर्बाद उनको लागू करते हुए देश की दिशा और दशा को बदलने की जरूरत है। हमें संगठित होकर अपने देश से भुखमरी, गरीबी को मिटाने के लिए सच्चे अर्थों में शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए हमें संघर्ष करना होगा। इस कार्यक्रम में राजकुमार मेट बास, सुरेंद्र कुमार मेट राजकुमार, बबलू, बशीर खान मेंबर, अनूप तवर, अनिल कुमार, राजेन्द्र नरवाल, नीलम, कविता, लाली भतेरी, ईश्वर, रामदिया, संतोष इत्यादि ने कार्यक्रम में हिस्सेदारी की।


नारनौंद। शहीदी दिवस पर शहीदों की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते हुए मनरेगा मजदूर। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### स्नेहभाव से मनाएं होली का त्योहार: वी. कामराज

**सिरसा।** पूर्व आईपीएस अधिकारी वी. कामराज ने सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता को होली और दुलंडी की शुभकामनाएं प्रेषित की। वी.कामराज ने कहा कि होली के त्योहार को सभी मिलकर स्नेहभाव से मनाएं। उन्होंने कहा कि जहां तक हो सके गुलाल व फूलों से ही होली खेलें। उन्होंने खासकर युवाओं से आह्वान किया कि वे आज के दिन ये संकल्प लें कि वो किसी भी प्रकार के नशों से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें।

### पुलिस ने कुरुक्षेत्र में किया लाठीचार्ज

**सिरसा।** आम आदमी पार्टी के सिरसा लोकसभा अध्यक्ष कुलदीप गदराना ने कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन की निंदा की। उन्होंने कहा कि पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन में जिस तरह आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई भाजपा सरकार के इशारे पर हुई है।

### फतेहाबाद जिले से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने जिले से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुलिस लाइन फतेहाबाद निवासी राहुल ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से लघु सचिवालय गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को वहां खड़ा किया और ड्यूटी पर चला गया। शाम को ड्यूटी के बाद जब वह वापस आया तो देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### टोहाना में प्ले स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में एक प्ले स्कूल में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में न्यू मॉडल टाऊन टोहाना निवासी गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि उसका भाटिया नगर में किड्डीविंग्स के नाम से प्ले स्कूल है। 22 मार्च की शाम को रोजाना की तरह स्कूल को बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह स्कूल आया तो देखा कि चोर छत के रास्ते उसके स्कूल में घुसे और वहां से दो विंडो एसी की पाइपें व लिफ्टिंग मशीन की मोटर चोरी कर ले गए है।

### गोदाम से लैपटाप और अन्य सामान चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना के चण्डीगढ़ रोड स्थित एक गोदाम में घुसकर दो युवक लैपटाप व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में चण्डीगढ़ रोड टोहाना निवासी संजीव कुमार ने कहा है कि उसका चण्डीगढ़-मूनक रोड पर गोदाम है। वहां से चोर एक लैपटॉप, पेन ड्राईव, नकदी व अन्य सामान चोरी करके ले गए है।

### शराब सहित पुलिस ने चार आरोपी किए काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अलग अलग चार मामलों में कार्रवाई करते हुए नाजायज शराब तस्करी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। टोहाना सीआईए इंचार्ज एएसआई प्रदीप कुमार की टीम ने भाटिया नगर टोहाना से गुप्त सूचना के आधार एक आरोपी अमन निवासी लोहाखेड़ा को काबू करके उसके कब्जे से 100 बोतल नाजायज शराब बरामद की है।

### हजारों की नगदी सहित दो सट्टा खाईवाल काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अलग-अलग मामलों मे कार्रवाई करते हुए दो युवकों को सट्टा खाईवाली करते काबू कर इनसे हजारों की नकदी बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए टोहाना इंचार्ज एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर एसआई जग्गा सिंह की टीम ने जाखल मे एक आरोपी को काबू करके उसके कब्जा से 10190 की सट्टा राशि बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ईश्वर दास उर्फ बिट्टू निवासी जाखल के रुप में हुई है।

---

फाग उत्सव पर सदियों पुरानी परम्परा आज भी जीवित रखी

# रामसरा के रामदेव मंदिर में शाम ढलते ही गूंज उठते हैं होली के गीत

### देर शाम तक देवी-देवताओं पर आधारित गीतों का दौर चलता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भट्टू खंड के गांव रामसरा में फाग उत्सव पर सदियों पुरानी परम्परा आज भी जीवित रखी हुई है। गांव के लोग शिवरात्रि के बाद होली तक लगातार मंदिर में डफ बजाकर प्रतिदिन भजन कीर्तन करते हैं। हालांकि देश के अन्य भागों में डफ बजाने की परम्परा लगभग खत्म हो चुकी है लेकिन यहां फाल्गुन मास प्रारंभ होते ही डफ बजाने का कार्यक्रम शुरू हो जाता है।

शिवरात्रि के साथ ही लोग डफ बजाने की तैयारी में जुट जाते हैं। ग्रामीण काफी उत्साह के साथ इसमें भाग लेते हैं।

गांव रासमरा स्थित रामदेव मंदिर में शाम ढलते ही होली के पारंपरिक होली गीत गाने वालों की टोली एकजुट होकर डफ बजाकर भजन कीर्तन शुरू कर देती थी। देर शाम तक देवी-देवताओं पर आधारित गीतों का दौर चलता रहता था। इसमें बुजुर्ग, बच्चे व युवा एक साथ बैठकर भजनों का आनंद लेते थे। पहले होली के दिन फाग गाने वालों की टोलियां घर-घर घूमकर गीत गाती थी। अब तो फाग गाने वालों व डफ की थाप सुनने के लिए लोगों के कान तरस गए हैं।



फतेहाबाद। गांव रामसरा में डफ बजाकर भजन कीर्तन करते युवा।

### रामसरा के ग्रामीण निभा रहे परंपरा

होली पर्व से पहले डफ बजाकर भजन आदि गाने की परंपरा लुप्त होती जा रही है, लेकिन गांव रामसरा के ग्रामीणों ने आज भी इसे संजोकर रखा हुआ है। गांव के लोग शिवरात्रि के दिन से ही गांव के रामदेव मंदिर में डफ बजाकर भजन कीर्तन करना आरंभ कर देते हैं। यह लोग रात आठ बजे से 10 बजे तक डफ की थाप पर भजन कीर्तन करते रहते हैं, जिसमें गांव के अनेक लोग भी शामिल होते हैं। फाग तक यह कार्यक्रम चलता है और युवा व बच्चे डफ की थाप पर थिरकते नजर आते हैं। गांव के मांगेराम शर्मा, पवन, सुनील, रोहताश, रवि, राम सिंह गोदारा आदि ने बताया कि होली पर्व पर डफ बजाने की परंपरा वर्षों पुरानी है।

### ये है पुरानी परंपरा लुप्त होने की बड़ी वजह

रोजगार की तलाश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों से युवा शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं। कुछ मोबाइल ने बच्चों को इन परंपराओं से दूर कर दिया है। अब तो होली व फाग के दिन भी इतना महत्व नहीं दिया जाता। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन होता है लेकिन शहरी क्षेत्र में कुछेक हिस्सों को छोड़कर अब होलिका दहन भी कम हो गया है।

---

# मोबाइल छोड़ने वाले बच्चों और अभिभावकों को किया सम्मानित



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों को सम्मानित करते अतिथिगण।

- डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी सीएमसी के उपाध्यक्ष रमेश लिखा, फतेहाबाद की जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संगीता बिश्नोई, प्रमुख समाजसेवी सुखदेव कालापीला, सेठ बद्रीप्रसाद डीएवी स्कूल प्राचार्या डॉ. सुनीता मदान, प्राचार्या डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सिरसा की प्राचार्या कुसुम शर्मा, सेवानिवृत प्राचार्या डॉ. सुमित्रा आर्या ने भाग लिया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल प्राचार्य अरूण शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल की वर्षभर की गतिविधियों और इस दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वार्षिक उत्सव में जहां विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देश की विभिन्न परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हुए जहां अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी वहीं अभिभावकों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया गया। कार्यक्रम में सर्वे के दौरान पाए गए मोबाइल छोड़ने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों को भी विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यअतिथि रमेश लिखा और डीईओ डॉ. संगीता बिश्नोई ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने प्रमोट हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन करने की बात कही। प्राचार्य अरूण शर्मा ने कहा कि डीएवी पुलिस स्कूल का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर और संस्कारित शिक्षा देने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास की तरफ ध्यान दिया जाए। इसी के चलते स्कूल में समय-समय पर खेलकूद, सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

---

# उपायुक्त ने दी होली की शुभकामनाएं कहा, तिलक के साथ मनाएं होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त आरके सिंह ने जिलावासियों को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, इसलिए इसको उत्साह व उमंग के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने जिला के नागरिकों को समाज में भाईचारे-सौहार्द व रंगों के त्यौहार होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए पानी की बर्बादी न करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने नागरिकों से होली पर्व पर पानी की बचत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया और होली पर्व पर पक्के रंगों की बजाय ऑर्गेनिक गुलाल से तिलक करने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है



कि होली खेलने के चलते लाखों लीटर पानी की बर्बादी होती है, जबकि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। रंगों के त्यौहार होली पर हम पानी की बर्बादी रोक सकते हैं। उपायुक्त ने कहा है कि पानी व्यर्थ में बहाने से ही हमारे सामने पानी की किल्लत पैदा होती है। ऐसे में हमें पानी की कीमत को समझना होगा। उन्होंने कहा कि रंगों की इस त्यौहार पर नागरिक पानी की बचत का संकल्प लें। इसके लिए स्वयं ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्यों को भी समझाएं।

---

# लावारिस अस्थियों का श्री गंगा जी में हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

श्री नीलकंठ समाजसेवा ट्रस्ट द्वारा रविवार को 28 लावारिस अस्थियों को हरिद्वार स्थित श्री गंगा जी में प्रवाहित किया गया। संस्था के सचिव जनक दाबड़ा ने बताया कि शनिवार देर शाम लावारिस अस्थियों के साथ एक जत्था शिवपुरी सिरसा से रवाना हुआ और फतेहाबाद की शिवपुरी से अस्थियों को लेकर हरिद्वार में पहुंचा। सिरसा शिवपुरी से 18, जबकि फतेहाबाद शिवपुरी से 10 अस्थियां एकत्रित की गई और रविवार को विधि विधान के साथ हरिद्वार में स्थित श्री गंगा में विसर्जित की गई। जनक दाबड़ा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा लंबे अरसे से लावारिस अस्थियों का विसर्जन हरिद्वार में



सिरसा। सिरसा की शिवपुरी से लावारिस अस्थियां ले जाते ट्रस्ट के सदस्य।

किया जाता है। ट्रस्ट की ओर से नववर्ष पर श्री नीलकंठ में भंडारा, दोनों शिवरात्रि के अवसर पर शिवपुरी सिरसा में भंडारे लगाए जाते है। इसके अतिरिक्त अन्य समाजहित कार्य भी किए जाते है। जरूरतमंदों की सहायता के लिए 5 किलोमीटर के दायरे में एंबुलेंस सेवाएं भी दी जा रही है। जत्थे में प्रधान अशोक सलूजा, कोषाध्यक्ष शुभकरण रातुसरिया, संरक्षक राजेश फुटेला व वीना मुंजाल, वेद प्रकाश कामरा, जनक दाबड़ा, राजेंद्र चावला, राजेंद्र कड़वासरा, दीनदयाल कंदोई शिवपुरी सिरसा, लंगर प्रधान मंगत राय मुंजाल, जगदीश साहुवाला, इंद्र चिड़ावावाला, काली बाबा इत्यादि मौजूद थे।

---

### 15 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू

**डबवाली।** सीआईए कालांवाली पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव लोहगढ से एक व्यक्ति को 15 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि सहायक सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव लोहगढ़ मैन गली के पास मौजूद थी। इस दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को शक के आधार पर काबू करके उसकी नियमानुसार तालाशी ली तो उसके कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र गोबिंद राम निवासी गांव लोहगढ रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

---

### शहर दो स्थानों से बाइक चोरी

**सिरसा।** शहर में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना सामने आई है। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में सांगवान चौक निवासी संदीप कुमार ने बताया कि बीती 19 मार्च की शाम को वह सालासर मंदिर में आया था। मोटरसाइकिल बाहर खड़ीकर वह माथा टेकने के लिए मंदिर में चला गया। कुछ देर बाद आया तो देखा कि मोटरसाइकिल गायब है। दूसरे मामले में रानियां रोड निवासी मनजीत कुमार ने बताया कि बीते दिवस उसने मोटरसाइकिल दुकान के बाहर खड़ी की थी। शाम को घर जाने के लिए बाइक संभाली तो गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

---

# परिस्थिति का सामना करने वाले ही लक्ष्य को पाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

दिव्य 'योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा के अंतिम दिन साध्वी त्रिपदा भारती ने सुंदरकांड प्रसंग को बहुत रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के साथ-साथ उसमें निहित आध्यात्मिक रहस्यों को भी उजागर किया। साध्वी ने कहा कि भक्त हनुमान की सीता जी तक पहुंचने की यात्रा वास्तव में भक्त की भक्ति को प्राप्त करने की यात्रा है। जिस प्रकार इस यात्रा में हनुमान जी के सामने विभिन्न प्रकार की परिस्थितियां आई। किन्तु वह हर परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं, ठीक इसी प्रकार जब एक भक्त भक्ति को



सिरसा। श्रीराम कथा के समापन पर आरती करते हुए श्रद्धालुजन।

प्राप्त करने के लिए चलता है। तो उसके मार्ग में भी बहुत सी रूकावटें आती है, लेकिन भक्त अपने दृढ़ निश्चय से अपनी सारी बाधाओं को पार कर जाता है। साध्वी ने युवा वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागृत किया। युवा हमारे देश की रीढ की हड्डी है। जैसे हमारा शरीर इसके बिना खड़ा नहीं हो सकता, ठीक उसी प्रकार युवाओं का भी समाज के उत्थान में विशेष योगदान होता है। इनके बिना प्रगति संभव नहीं है। किंतु अफसोस की बात हमारे युवा अपनी ऊर्जा अपनी शक्ति को भूल चुके हैं और पतन की राहों पर अग्रसर हो रहे हैं। जिससे न केवल स्वयं के जीवन को नष्ट कर रहे हैं। अपितु समाज को भी विनाश की गर्त में ले जा रहे हैं। भारत युवा प्रधान देश है। अगर युवा स्वयं को जान लें तो हमारे समाज का उत्कर्ष संभव है। आज जरूरत है युवाओं को अध्यात्म ज्ञान से जुड़ने की। अध्यात्म ज्ञान हमारी जड़ है। इससे जुडे. बिना हमारा जीवन खुशहाल नहीं हो सकता। किंतु यह ब्रह्मज्ञान केवल मात्र पूर्ण गुरु ही हमें प्रदान कर सकते हैं।

---

# होलिका पूजन कर मांगी सुख समृद्धि की कामना



सिरसा। सिरसा में होली पर्व पर होलिका पूजन करती हुई महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

- रात को साढ़ नौ बजे होलिका दहन किया गया

होली पर्व जिला भर में प्रसन्नतापूर्वक व श्रद्धा से मनाया गया। शहर में रविवार को कई स्थानों पर होलिका स्थापित की गई। महिलाओं ने घरों में पकवान बनाकर और गोबर के बने बड़कूलों से होलिका पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की।

होली पर्व को लेकर शहर के मुख्य चौराहों गोल डिग्गी चौक, पटेल बस्ती, भगतसिंह चौक, गौशाला मोहल्ला, शिव चौक, अग्रसेन कॉलोनी, घंटाघर चौक, नोहरिया बाजार, अनाज मंडी, बी-ब्लॉक, बरनाला रोड, हिसार रोड, कंगनपुर रोड, हुडा सेक्टर सहित अनेक जगहों पर सुबह पूजा अर्चना के साथ प्रहलाद भगत और होलिका स्थापित की गई। होली पर्व को लेकर लोगों ने घरों में पकवान बनाए।

साथ ही गोबर के बने चांद, सूरज, नारियल, सितारे आदि बड़कूले बनाकर उन्हे माला में पिरोकर होलिका की पूजा अर्चना की। महिलाएं जहां होलिका स्थापित की गई थी वहां पर घर में बने पकवान के साथ बडकूले ले जाकर पूजा अर्चना कर होलिका पर चढ़ाए। बाद में कच्चे सूत व मोली के साथ होलिका की परिक्रमा कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। रात को साढ़ नौ बजे होलिका दहन किया गया। इससे पूर्व ब्राह्मण ने पूजा अर्चना करवाई। बाद में होलिका दहन किया गया। होलिका में स्थापित किया गया प्रहलाद भगत जलने से पूर्व लोगों द्वारा बाहर निकाल लिया गया। लोगों ने होली की आग में हरे चने और गेहूं की बल्लियां भूनी और होली में जले गोबर के बड़कूले अपने घरों में लेकर गए। मान्यता है कि होली की आग में घर में धूप की जाए तो घर में सुख सुमृद्धि आती है। इसके अलावा डबवाली, ऐलनाबाद, रानियां, कालांवाली, डिंग मंडी व नाथुसरी चोपटा क्षेत्र में भी होली पर्व मनाया गया।

**बच्चों ने की खरीददारी**

वहीं बाजारों में होली को लेकर अनेक दुकानें भी रंग गुलाब व पिचकारियों से सज गई। बच्चे अपने अभिभावकों के साथ बाजारों में रंग, गुलाल, अबीर, गुब्बारे व रंग बिरंगी पिचकारियां खरीदने में व्यस्त थे।

---

महिलाओं को अपना टैलेंट दिखाने के लिए बेहतर मंच मिला है: प्रो. गणेशीलाल

# अग्र सखी होली महोत्सव में झूमी सांसद सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अग्रवाल सभा की महिला विंग की ओर से अग्र सखी होली महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद सुनीता दुग्गल व उड़ीसा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशीलाल एवं भाजपा नेता गोविंद कांडा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि उन्होंने कुछ समय पूर्व अग्रवाल सभा सिरसा के प्रधान गौरव गोयल से महिलाओं के टेलेंट को बाहर निकालने के लिए कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुरोध किया था। अग्रवाल सभा की महिला विंग



सिरसा। फूलों की होली खेलते हुए अग्र सखियां।

ने पहल करते हुए सिरसा मे पहली बार अग्रसखी होली महोत्सव आयोजित किया। सांसद ने अग्र सखियों को उत्सव के लिए सांस्कृतिक पहनावे मे देखकर प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं के अंदर सबसे अच्छा श्रृंगार रस है। इस मौके पर सांसद होली के गीतों पर अन्य महिलाओं के साथ झूमी। पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि आज अग्र सखियों ने सिरसा में इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपना टेलेंट दिखाने के लिए बेहतर मंच मिला है। इस दौरान सिरसा के अग्रवाल समाज के उन लोगों को सम्मानित किया गया जिनमें कुमुद बंसल, राजरानी गोयल, सिंपी गोयल, डॉ. प्रोमिला बंसल, डॉ. दीपा गुप्ता, वसुधा बंसल, सोनिया मित्तल, अनुन्य गर्ग को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। भाजपा नेता गोविंद कांडा ने कहा कि अग्रवाल सभा की महिला विंग इस कार्यक्रम के लिए बधाई की पात्र है क्योंकि इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल समाज में एकता का सूत्रपात होता है, बल्कि एक ही मंच के नीचे समाज के लोग एकत्रित होकर अपना हुनर सांझा करते हैं। इस दौरान सभी ने लठमार

## खबर संक्षेप

### खेत में लगे सोलर पैनल से तार चोरी

**फतेहाबाद।** भट्टू के गांव किराढ़ान से चोरों ने खेत में लगे सोलर पैनल से हजारों की तार चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि उसने अपने खेत में सोलर पैनल लगवाया हुआ है। उसने करीब 6 महीने पहले ही यह पैनल लगवाया था। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में लगे सोलर पैनल से 150 फुट उखाड़ कर ले गए हैं। इसके अलावा चोरी पैल के ब्लैक जाइंट तार व अर्थ वाली तार को भी चोरी कर ले गए है। सुबह जब वह खेत गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुवान में सर्विस स्टेशन के ताले टूटे, नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव बुवान में एक सर्विस स्टेशन के ताले तोड़कर वहां से हजारों की नकदी के अलावा अन्य सामान चोरी कर लिया। इस बारे सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। भूना पुलिस को दी शिकायत में गांव बुवान निवासी बलविन्द्र सिंह ने कहा है कि उसने बैंक ऑफ बड़ौदा टोहाना से एमएसएमई के तहत लोन लेकर गांव में अनाज मण्डी के सामने सर्विस स्टेशन बनाया हुआ है। गत दिवस शाम को वह सर्विस स्टेशन बंद करके घर चला गया था। अगले दिन सुबह जब पहुंचा तो चोरी का पता चला।

## मौसम बदलने से पछेती गेहूं को होगा फायदा

# पश्चिमी विक्षोभ के कारण बूंदाबांदी होने से तापमान में आई गिरावट



**फतेहाबाद।** खेत में खड़ी गेहूं की फसल।

### कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अत्याधिक गर्मी पड़ने से गेहूं की फसल का दाना सूख रहा था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पिछले कई दिनों से तापमान में हुई बढ़ोतरी के बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रविवार अलसुबह ही बादल छा गए और दिनभर बूंदाबांदी होती रही। बूंदाबांदी से तापमान में 8 डिग्री तक गिरावट आ गई। तापमान में गिरावट आने से गेहूं उत्पादक किसानों के चेहरों पर एक बार फिर रौनक लौट आई है। रविवार को यहां का अधिकतम तापमान 27 डिग्री व न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दिनों से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया था। इसके चलते दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। यह तापमान गेहूं की फसल के लिए नुकसानदायक माना जा रहा था। इस दौरान 24 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ, जिस कारण यहां तापमान में गिरावट आई। फतेहाबाद के लिए खास बात यह रही कि मार्च तक यहां मात्र 8 एमएम ही बारिश दर्ज हुई जबकि हल्की हवाएं चलने से गेहूं की फसल बिछी तो उसका नुकसान नहीं हुआ। तापमान में 8 डिग्री तक आई गिरावट गेहूं की पछेती फसल के लिए लाभदायक है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि अत्याधिक गर्मी पड़ने से गेहूं की फसल का दाना सूख रहा था। अब तापमान में आई कमी से गेहूं का दाना अच्छा बनेगा। पहले दाने के अंदर का रस गर्मी के चलते सूख रहा था जोकि अब पक जाएगा। कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि अगले 2-3 दिन में एक ओर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे तापमान में ओर गिरावट आएगी। बेशक कि ज्यादा बारिश और ओलावृष्टि न हो। ऐसा तापमान गेहूं की फसल के लिए लाभदायक है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि अभी गेहूं की फसल में सिंचाई न करें, क्योंकि सिंचाई के बाद हल्की बारिश हुई या हवा चली तो फसल जमीन पर बिछ सकती है। बता दें कि इस बार जिले में 1 लाख 94 हजार हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई हुई है।

### इस साल गेहूं के औसत उत्पादन में आ सकती है कमी

बीते वर्ष जिले में 4 लाख 52 हजार 654 एमटी गेहूं की खरीद की गई थी। यह गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाऊस व हरियाणा एग्रो ने खरीद की थी। बीते वर्ष गेहूं का एमएसपी 2125 रुपये प्रति क्विंटल था। इस वर्ष सरकार ने 150 रुपये बढ़ाकर गेहूं का रेट 2275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। हालांकि गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू होनी है। गेहूं अभी फुटाव पर है। पिछले सालों की अपेक्षा इस साल मार्च माह में बढ़े तापमान के कारण कृषि वैज्ञानिक मान रहे है कि इस बार पिछले वर्ष की मुकाबले गेहूं का कम उत्पादन होगा।



**सिरसा।** सिरसा के तनिष्क स्टोर पर होली मनाते ग्राहक। फोटो : हरिभूमि

## सिरसा तनिष्क स्टोर पर मनाया गया होली मिलन कार्यक्रम

**सिरसा।** होली के अवसर पर सिरसा-तनिष्क स्टोर पर फूलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरसाने की प्रसिद्ध फूलों की होली की तरह तनिष्क स्टोर पर विभिन्न रंगों के फूलों से होली खिलाई गई। होली कार्यक्रम में आए हुए सभी ग्राहकों का स्वागत गुलाल का टीका लगाकर किया गया। ग्राहकों के लिए होली के लिए भिन्न-भिन्न रंगों के फूलों व गुलाल का प्रबंध किया गया। इस समारोह में आए हुए मेहमानों को होली के गेम खिलाए गए, जिसमें ग्राहकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्टोर मैनेजर ने बताया कि तनिष्क हर त्योहार पर मेहमानों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।




## हनुमान मंदिर में मनाया होली पर्व



**सिरसा।** हनुमान मंदिर में महिलाओं के साथ गुलाल खेलते हुए राधिका दीदी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

नेशनल हाइवें पर स्थित श्री हनुमान मंदिर ओढ़ा में शनिवार को होली पर्व मनाया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध कथा वाचक राधिका दीदी भी शामिल हुई। राधिका दीदी ने महिलाओं के साथ गुलाल व फ़ूलों से होली खेलते हुए नृत्य किया। उन्होंने एक घंटा राधा कृष्ण जी के भजन सुनाए और होली के बारे में बताया कि होली का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और ब्रज की किशोरी राधा रानी से है। श्री कृष्ण सबसे पहले गवालों के साथ मिलकर होली खेली थी। उन्होंने आगे कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार होता है और इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है। होली दो दिनों तक मनाई जाती है जिसमें पहले दिन होलिका दहन होता है जिसे छोटी होली कहा जाता है और दूसरे दिन रंगों का त्योहार होता है जिसमें लोग मिलजुल कर रंग खेलते हैं और खुशियां मनाते हैं। बहुत पहले होली केवल हिन्दू धर्म का त्योहार था लेकिन अब ये दुनिया भर में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है। इस अवसर पर सालासर भंडारा ट्रस्ट के उपप्रधान सहदेव गोदारा, पुजारी महिंदर शर्मा, विक्रम थोरी, अमर सिंह गोदारा, प्रवीन मल्हान, राधा कृष्ण गोदारा, मंजीत कुलरिया, आकाश शर्मा, विवेक बेनीवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## 365 लीटर लाहन व शराब सहित पांच काबू

**सिरसा।** पुलिस ने पांच लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 28 बोतल देसी शराब व 365 लीटर लाहन बरामद किया है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव सिकंदरपुर क्षेत्र में सूचना पाई कि गगनदीप नमक युवक अपने घर में अवैध रूप से शराब निकालने का धंधा करता है। इस पर पुलिस पार्टी ने दबिश देकर गगनदीप को 200 लीटर अवैध लाहन के साथ काबू किया। वहीं एक अन्य घटना में करीवाला पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव थेहड़ी मोहर सिंह क्षेत्र से कुलदीप सिंह को काबू कर उसके कब्जे से 100 लीटर लाहन बरामद किया है, जबकि एक अन्य घटना में बलवंत सिंह निवासी गांव सेनपाल को उसी के गांव से काबू कर उसके कब्जे से 14 बोतल देसी शराब बरामद की है। उधर जीवननगर पुलिस चौकी इंचार्ज पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर 8 रानियां क्षेत्र में गुरचरण सिंह को काबू कर उसके कब्जे से 65 लीटर लाहन बरामद किया है।







## एमएम शिक्षण महाविद्यालय में कविता लेखन प्रतियोगिता



**फतेहाबाद।** एमएम शिक्षण महाविद्यालय में कविता लेखन प्रतियोगिता की विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या डॉ. जनक रानी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय, फतेहाबाद के साहित्य विभाग द्वारा विश्व कविता दिवस के उपलक्ष्य में कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न विषयों पर आधारित कविताओं के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए.बी.एड. द्वितीय वर्ष से सक्षम व प्रथम वर्ष से आरती को मिला जिन्होंने अपनी कविता में विश्व कविता दिवस के महत्व को रेखांकित किया। द्वितीय स्थान बी.ए.बी.एड. प्रथम वर्ष से अस्मिता द्वारा लिखी कविता को प्रदान किया गया। वहीं निर्मला को उनकी कविता के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम की निष्पक्ष भूमिका डॉ. मोनिका रानी द्वारा निभाई गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. जनक रानी ने विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि कविता न केवल भावनाओं को व्यक्त करने का एक माध्यम है बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करती है। उन्होंने छात्रों को कविता लेखन को निरंतर जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। साहित्य विभाग के इंचार्ज डॉ. ज्योति व रेखा द्वारा संचालित यह प्रतियोगिता एक सफल आयोजन रहा।




